अनवेशिका श्रीवास्तव (6 डी)
दीपा श्रीवास्तव (माता)

ANNUAL REPORT 2020-21

Circumstances become a problem when the mind is weak; when the mind is stable, circumstances become a challenge, but when it's strong, it become an opportunity.

The Academic Session 2020-21 underwent lots of challenges. At the time when the initiatives of dynamic human beings sound to be at halt, it seemed that the proper flow of education would also come to a standstill, but rational human behavior and innovative approaches paves ways to counter situation for spontaneity of education.

Through online education, teachers and students could interact with each other and continue the teaching-learning in process. In the frightening environment of Covid-19, we faced many challenges, but the commitment helped us to tackle situation.

The major achievements of the academic session 2020-21 can roughly be categorized into Academic and Co-scholastic.

The results of the 10th and 12th board exams were as expected. Like previous years, this year also the best result in the district Ambedkarnagar went in the name of Radiant Central Children Academy Jalalpur-Ambedkar Nagar. In class 12 Harshit Bajoria with 98% in Commerce stream and Rishabh Gupta 97% in Science

stream brought laurels, while Anshum Patel held the school flag high, scoring 97.6% in class 10.
In the same year, Rishabh Gupta, Jai Yadav, Mrityunjay Singh and Harsh Kashyap add feather in the school cap by qualifying in JEE-Advanced in their very first attempt.

At a time when teaching and delivering proper study material to the students seemed to be very difficult we initiated teaching on Whatsapp, sharing study material and worksheets in pdf followed by video lectures prepared by the teachers, links of Youtube and worksheets through Google Classroom. To address problem of students, online live classes were also inducted in addition to remedial classes. Demonstration of Lab activity and practical were also shared with the students to facilitate them on how to perform practical when they would get opportunity to perform in Labs. To monitor and assess the effectiveness on the online classes and test students preparedness, periodic test were also conducted regularly via Google Form.

Teachers would liase with students and parents to establish close connection with them and get regular feedback about progress of the work of the students. Teacher were available round the clock to address the queries and solve the problems of students.

Half-yearly examinations were conducted in the school in an offline mode. Students participated in exam from their homes under supervision of their parents. This proved to be very fruitful to sustain the Academic interest of students.
Apart from teaching, co-curricular activities were also observed online concurrently. Students were given opportunities to participate in Inter House Competitions viz debate, speech, quiz, essay, story telling and poem recitation.

Additionally, Online Morning Assembly, Physical Activities, Celebrations viz Teacher's day, Republic day, Christmas were also observed in which students participated with fervour and enthusiasm.

To promote reading skill and creativity among the students, e-books were also made available online via e-library. Students not only wrote book review but also shared their presentation with teachers.

Empowered teachers play a key role in making the school vibrant. Hence teachers were offered opportunities to get online training from CBSE and other available platforms in addition to in house training both online and offline on various areas i.e. online teaching, recording video lessons, editing videos, preparing documents, creating online test by google form and online conferencing on Google Meet and Zoom App.

In nutshell I can say that with concerted effort of teachers and due support from parents, students remain connected with their teachers and felt as if they were in school usual.
I would like extend my heartfelt gratitute to all my teachers for there incessant effort to combat the challenge thus converting it into opportunities.

I am very thankfull to School Administration and Management for whole hearted support in this difficult time. I am inducted to our Director and Academic Advisor Dr. P. S. Salaria for their valuable guidance and support that help us to keep the wheel moving.

Akhilesh Shukla (Principal)

मनाली का सफर

वह मेरे लिए सबसे खूबसूरत पल था, जब मैं दिल्ली अपने बड़े ताऊ जी के यहाँ गई हुई थी और मुझे पता चला कि हम मनाली जाने वाले हैं। मैं जाने के लिए बहुत उत्सुक थी। मुझे पर्वतीय क्षेत्र अत्यन्त पसंद है क्योंकि पहाड़ों में बर्फबारी मन मोह लेता है। अगले दिन मैं मनाली जाने की तैयारियों में लगी रही। हम सब सुबह यहाँ से 2050 मीटर की ऊँचाई पर बसे हिमाचल प्रदेश के शहर मनाली के लिए रवाना हुए। हम साँप जैसी लहराती सड़कों से गुजर रहे थे। रास्ते में पहाड़ों से लेकर जितने भी घर दिखाई दे रहे थे उन सबमें सेब के पेड़ जरूर लगे थे। हमने थोड़ा ठहरकर सड़क किनारे लगी सेब की दूकानों से ताजे रसीले सेब खरीदे और आगे बढ़ गए। अपनी कार से लगभग 4 घंटे चलने के बाद हम अपने गंतव्य स्थल मनाली पहुँच गए थे। यहाँ के एक रिजॉर्ट में थोड़ा विश्राम करने के बाद सीधे मनु मंदिर पहुँचे। यह महर्षि मनु को समर्पित है। यह समूचा मंदिर देवदार और अन्य वृक्षों से घिरा हुआ है। यहाँ हमने सुन्दर नक्कासी और देवताओं की मूर्तियाँ देखीं। इसकी संरचना लकड़ी और कंकरीट से बनी हुई है। यहाँ से बाहर निकलकर एक रेस्तरा में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। इसके बाद हम सभी हिडिम्बा देवी मंदिर पहुँचे। महाभारत में भीम की पत्नी का नाम हिडिम्बा था। बहुत ऊँचे–ऊँचे पेड़ों के बीच स्थित यह एक भव्य मंदिर है। यहाँ से हम मनीकरण गुरुद्वारे गए, भजन–कीर्तन में हिस्सा लिया और लंगर का प्रसाद चखकर वापस अपने रिजॉर्ट आ गए। अगले दिन हम सभी एडवेन्चर कैम्प में शामिल हुए। मैंने डर–डर कर रस्सी के सहारे नदी पार करना सीखा, इसके अलावा नेट पर चढ़ना, रोपवे और रॉपिटंग आदि भी सीखने की कोशिश की। यह कैम्प मुझे पिछले वर्ष मेरे स्कूल में हुए समर कैम्प की याद दिला रहा था। हमने यहाँ बहुत मौज–मस्ती की। शाम तक हम सभी बहुत थक चुके थे, इसलिए वापस रिजॉर्ट आकर खाना खाकर सो गए। अगले दिन जब हम वापस आ रहे थे तो अचानक एक विस्फोट हुआ ऐसा लगा मानो बादल फट गया हो, बाद में पता चला कि रास्ता बनाने के लिए पत्थरों को तोड़ा जा रहा है। खैर, थोड़े से इंतजार के बाद हम आगे बढ़े। घर वापस आकर इतना वक्त बीत जाने के बाद भी वहाँ की स्मृतियाँ अभी ताजा हैं। वहाँ के हरे–भरे सेब के बाग, सागौन, देवदार के ऊँचे–ऊँचे पेड़, बर्फ से ढ़के पहाड़ और नदियों का तेज बहाव, मंदिरों के पत्थरों पर सुन्दर नक्काशी तथा वहाँ के लोगों का मधुर व्यवहार हम कभी नहीं भूल सकते।

साक्षी वर्मा (X-H)

एक सैर कुशीनगर की

नवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के बाद मैं अपने परिवार के साथ शान्ति के प्रतीक शहर कुशीनगर की यात्रा पर गया। कुशीनगर गोरखपुर जनपद से 50 किमी. पूर्व दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर स्थित एक छोटा–सा शहर है। यह शहर इसलिए प्रसिद्ध है क्योंकि बौद्ध धर्म के संस्थापक और पूरे विश्व में शान्ति और अहिंसा चाहने वाले महात्मा गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली है। महात्मा बुद्ध ने अपनी अंतिम साँस कुशीनगर में ही ली थी।



कुशीनगर का प्रवेश द्वार बहुत ही बड़ा है। हम लोग प्रवेश द्वार देखने के बाद सबसे पहले "चाइना बुद्धिस्ट टेम्पल" देखने गये। यह टेम्पल अनुभवी इंजीनियरों द्वारा बनाया गया है। जिसमें सीढ़ियों के दोनों तरफ ड्रेगन का भी चित्र बना है जो देखने में बिल्कुल असली लगता है। इसके बाद हम लोग कुशीनगर के प्रसिद्ध शिव मन्दिर "गोल्डेन टेम्पल" और "श्रीलंकन टेम्पल" देखने गये। श्रीलंकन टेम्पल एक बड़े से तालाब के बीच में स्थित है, जिसकी सुंदरता अद्वितीय है।

यहाँ से हम लोग कुशीनगर पार्क व परिनिर्वाण स्तूप पहुँचे। पार्क में हमने विविध प्रकार के रंग–बिरंगे पक्षी तथा फूलों को देखा। आगे बढ़ते ही भगवान बुद्ध की 6.1 मीटर ऊँची मूर्ति लेटी हुई मुद्रा में नजर आई। इसे देखते ही हम सभी रोमांचित हो उठे। यहाँ के आसपास के पत्थरों में उत्कीर्ण बुद्ध के उपदेश हमें बार–बार पढ़ने को बाध्य कर रहे थे। यह समूचा विहार खण्डहरो के विशाल ऊँचे चबूतरे पर खड़ा है। इसी के पीछे एक चौकोर 40 फीट ऊँचा स्तूप है। जिसके चारों तरफ हमने ध्यानमग्न बौद्ध भिक्षुओं को देखा। हमने यहाँ वक्त बिताकर अद्भुत शांति का एहसास किया। इसी रास्ते आगे चलने पर हमने बर्मी, बुद्ध विहार, चीनी बुद्ध विहार व श्रीलंकाई बौद्ध विहार के भव्य मंदिरों को देखा। इन सभी मंदिरों में बुद्ध की अलग–अलग धातुओं की प्रकाश की साज–सज्जा के साथ छोटी–छोटी अनगिनत मूर्तियों के दर्शन किए। यहीं के जापान बौद्ध विहार में बुद्ध की अष्टधातु की मूर्ति स्थापित है। इस स्थल का निर्माण कार्य कई देशों के सहयोग से जान पड़ता है।

आगे बढ़ने पर हमें एक प्राचीन संग्रहालय के बारे में पता चला। वहाँ पहुँचकर हमें हजारों वर्ष पुरानी मूर्तियाँ, कलाकृतियाँ, मिट्टी के बर्तन, उस समय की मुद्राएँ आदि व्यवस्थित रूप से रखी हुई मिलीं जो कि उत्कृष्ट कारीगरी का नमूना पेश कर रही थीं। हम यह सब देखकर अभिभूत थे। आखिरकार इस अल्प समय में लग रहा था कि बहुत कुछ देखना शेष है और यही हुआ भी। मुझे आज भी लगता है कि इस पुण्य भूमि के दर्शन करने दोबारा अवश्य जाना होगा।

विवेक कुमार चौरसिया (X-I)

वैज्ञानिक दृष्टिकोण समय की माँग है



प्रस्तुत कथन का अभिप्राय यह है कि आज मात्र वैज्ञानिक उपलब्धि पर सारा ध्यान केन्द्रित करने की अपेक्षा इस बात की अधिक आवश्यकता है कि वैज्ञानिक मानसिकता के निर्माण, विकास, प्रोत्साहन एवं अंगीकरण में अधिक रुचि ली जाए। इसकी शुरूआत हमें शैक्षिक संस्थानों से करनी चाहिए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सम्बन्ध मनुष्य के अन्तर्जगत से है। वर्तमान में इसी अभाव के कारण सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का ह्रास देखने को मिल रहा है।

वर्तमान में यद्यपि मनुष्य ने खूब तरक्की की है। उसने प्रकृति के अनेको रहस्यों को सुलझाया है। भौगोलिक दूरियाँ कम हुई हैं। संचार–व्यवस्था में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। औषधियों के द्वारा तमाम जानलेवा बीमारियों पर काबू पा लिया गया है। फिर भी क्यों सम्पूर्ण मानवता अपने को भयभीत एवं त्रस्त महसूस करती है? ऐसा इसलिए क्योंकि हमने वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रेरित नैतिक प्रगति को दरकिनार किया तथा सिर्फ वैज्ञानिक आविष्कार आधारित भौतिक प्रगति पर ही अपना सारा ध्यान केंद्रित रखा जो कि अत्यन्त सोचनीय है।

विज्ञान मात्र तथ्यों को मुँह जबानी याद करने का विषय नहीं है। यह मनुष्य के मन–मस्तिष्क में व्याप्त अंधकार को दूर करने के लिए प्रकाश की तरह है। विज्ञान के छात्र का विश्लेषणात्मक मस्तिष्क होना चाहिए। परीक्षणों के माध्यम से साक्ष्य जुटाने का परिश्रम करना चाहिए। प्रकृति की हर घटना के पीछे क्या कारण है? यह जानने का बार–बार प्रयास करना चाहिए। यदि एक विद्यार्थी सभी कथनों को रट ले और लिखित बातों का कोई विश्लेषण ही न करे तो नए अनुसंधान कैसे होंगे? कोई भी ज्ञान तब तक अपने उद्देश्य में असफल होता है, जब तक वह दैनिक व्यवहार से संबंधित न हो। यदि कोई विद्यार्थी जंक फूड से होने वाली हानियों के विषय में जानता तो हो परन्तु उसके भोजन में फिर भी 80 प्रतिशत जंक फूड ही हो तो ऐसे ज्ञान का क्या लाभ? आइंसटीन के अनुसार– बीते हुए कल से सीखो, आज के लिए जिएँ, आने वाले कल के लिए आशान्वित रहें। महत्वपूर्ण यह है कि प्रश्न करना न रोकें, जिज्ञासु बने रहें। परन्तु देखने में यह आता है कि हम विज्ञान की सकारात्मक भावनाओं को अपनाने में रुचि नहीं दिखाते लेकिन वैज्ञानिक परिणामों के उपभोग में सबसे आगे रहना चाहते हैं।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमें जीवन के हर मोड़ पर एक सही दिशा प्रदान करता है। विज्ञान ने हमें सृजन से लेकर विनाश तक हर प्रकार की शक्ति दी है। वस्तुतः आवश्यकता इस बात की है कि हम बदलते परिदृष्य में आधुनिक सुविधाओं का दोहन तो करें परन्तु आने वाली पीढ़ी के लिए निरन्तर मौलिक अनुसंधान भी करें।

अमाहिरा (IX-A)

प्रकृति के संग

रंग–बिरंगी दुनिया देखो,
कितने रंग निराले।
इन्द्रधनुष की आभा देखो,
शशि, भानु–नक्षत्र हमारे।
रिमझिम बारिश काले बादल,
वसुधा को रहे सँवारे।
रंग–बिरंगे फूलों की खुशबू,
मन में भरते मस्ती के झोंके।

श्वेत हिम पर्वत को देखो,
अविचल सीना ताने ठाढे।
सागर की उत्ताल तरंगे,
भू के पैर पखारे।
रंग–बिरंगी तितली देखो,
मन मेरा मचला जाए।
इन रंगों को जीवन में उतारें,
आओ, मिलकर गीत ये गाएँ ।

अदित्रि श्रीवास्तव (VII-G)

यदि प्रकृति में रंग नहीं होते ?

एक छोटे से शब्द प्रकृति में कितना कुछ समाया है, कोई सोच भी नहीं सकता। प्रकृति के अन्दर वायु, जल, मिट्टी, पेड़–पौधे, पशु–पक्षी, मानव, नदियाँ, तालाब, झरनें, पहाड़, खनिज आदि और न जाने कितने प्राकृतिक संसाधन आते हैं। इन सभी चीजों से हमें शुद्ध हवा, पानी, भोजन आदि जो जीवन के लिए नितान्त आवश्यक है।

प्रकृति से हमें जीवन जीने की उमंग मिलती है। बसंत को देखकर दिल मग्न हो जाता है। सावन में रिमझिम बरसात मन को मोह लेती है। इंद्रधनुष हमारे अंतरंग में रंगीन सपने सजाता है। सूर्य की पहली किरण को लेकर जंगल और पहाड़ों तक नदी की मधुर आवाज़ तथा पक्षियों के चहचहाहट जो हमारे आसपास उपलब्ध हैं, ये सभी जीवन के रंग होते हैं। जब हम प्रकृति की खुली वादियों को देखते हैं, जहाँ चारों ओर हरा–भरा, रंग–बिरंगा दृश्य होता है। ऐसा दृश्य देखकर मन खुश हो उठता है, दिल नाचने को कहता है। परन्तु विस्मय की बात यह है कि यदि प्रकृति में ये रंग नहीं होते तो प्रकृति का दृश्य कैसा होता? जो हरी–भरी, निराली प्रकृति लगती है, वह प्रदूषण के कारण मरुस्थल की भाँति हो जाती, धरती पर सभी जीवों का जीवन संकट में पड़ जाता। हमें किसी भी प्रकार का कोई सुख नहीं मिल पाता। इसलिए प्रकृति के इन विविध रूपों को बचाने का प्रयास करना हम सभी का उत्तरदायित्व है।

अभिषेक यादव (X-B)

मैं एक मोबाइल हूँ

जी हाँ, मैं एक मोबाइल फोन हूँ
आजकल मैं आप सब की जरूरत हूँ
मैं आपको इंटरनेट द्वारा किसी भी
प्रकार की जानकारी देता हूँ।
मेरे द्वारा आप सेल्फी ले सकते हैं
दुनिया के किसी भी कोने के
व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं।
वीडियोकाल कर सकते हैं।
संसार की घटनाओं की जानकारी रख सकते हैं।
मेरे द्वारा अपनी कविता, कहानी व लेखों
को प्रकाशित कर सकते हैं।
फेसबुक पर ढेरों दोस्त बना सकते हैं।
पर कुछ लोग मेरा दुरुपयोग भी करते हैं।
जिस कारण मैं कई गंभीर बीमारियों
का कारण बन सकता हूँ।
जैसे–शरीर में दर्द, नीद नहीं आना,
आँखों में दर्द, तनाव आदि।
अतः मैं निवेदन करता हूँ कि मेरा प्रयोग
आवश्यकता पड़ने पर ही करें।
छोटे बच्चों को मुझसे दूर ही रखें।

कुलदीप (XI-F)

उठो, देर न करो

बहुत से काम पड़े हैं उठो, देर न करो।
नसीब द्वारे खड़ा है उठो, देर न करो।
जिन्होंने देर कभी की है काम करने में,
बड़ी मुश्किल में पड़े हैं उठो, देर न करो।
समाज खुश रहे और खुश रहे भगवान उनका,
अपनी मेहनत पर अड़े हैं उठो, देर न करो।
आज लहरा रहा संसार में परचम उनका,
जो मुश्किल से लड़े हैं उठो, देर न करो।
जीवन की डगर इतनी आसान भी नही है,
रास्ता तुमको ही बनाना है उठो, देर न करो।
जो कहते हैं जब जागो तभी सवेरा,
झूठी देते दिलासा हैं उठो, देर न करो।
वक्त से चलो, वक्त तुम्हे थाम लेगा,
मंजिल पर पहुँचना है उठो, देर न करो।

हिमांशु उपाध्याय (VIII-A)

आगे बढ़ना ही जिंदगी है



"जिन्दगी कितनी भी जटिल हो हमें सपनों को नहीं खोना चाहिए।"

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई ऐसा दिन जरूर आता है जो उसके जीवन को पूरी तरह से बदल देता है। जीवन की यह दर्दनाक घटना मैं कभी नहीं भूल सकती। एक दिन दोपहर को मैं अपने कमरे में आराम कर रही थी कि तभी मेरी माँ आकर कहती है कि तुम्हारे पिताजी मोटर साइकिल से गिरकर घायल हो गए हैं, उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। मैं तुरन्त ही अपने पिताजी के पास फोन करने लगी, पर उनका फोन कोई उठा ही नहीं रहा था। फिर थोड़ी देर बाद उनका फोन पुलिस उठाती है पर वह हमें कुछ साफ–साफ नहीं बताती। मेरी माता जी भगवान की मूर्ति के पास जाकर रो–रो कर प्रार्थना करने लगीं। फिर हम सब भी अस्पताल जाते हैं तब भी हमें कुछ पता नहीं रहता है कि कैसे हैं वो। पूरा दिन बीत जाता है। हम सब घर आते हैं तब वहाँ हमें पता चलता है कि पिता जी की मृत्यु हो गई है। यह सुनकर मेरे आँसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। उनको बार–बार याद करके मैं रोए जा रही थी। उनके साथ बीते पल बार–बार मुझे याद आ रहे थे। उस वक्त मुझे यह महसूस हुआ जैसे कि सिर्फ मुझे छोड़कर और सब कुछ उनके साथ चला गया हो क्योंकि शायद मुझे यह पता था कि मैं अब दुबारा उन्हें नहीं देख सकती हूँ। जब मेरे पिता की अन्तिम संस्कार की सारी तैयारियाँ होने लगी तो उस समय मैं सदमें में थी। चारों तरफ मुझे चिल्लाने और रोने की आवाज सुनाई दे रही थी। उसी समय मैं अपने अगल–बगल देखती हूँ, तब मुझे यह ज्ञात होता है कि मेरी तरह सबको महसूस हो रहा है। मैं अपनी आँखे बंद करती हूँ और यही सोच रही थी कि कोई आकर मुझसे कहे कि यह एक बुरा सपना है, पर यह तो सच्चाई थी। मैं बाहर से ठीक दिखाई दे रही थी परन्तु अंदर ही अंदर यह लग रहा था कि जैसे मैं घुट रही हूँ। जब मेरे पिताजी के मृत शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तब उस समय मैं बहुत तेजी से चिल्लाई और मुझे यह ज्ञात हो जाता है कि वह हमेशा के लिए चले गये हैं।

मैंने अपने पिताजी को जरूर खो दिया पर मैंने वह सपना नहीं खोया जो पिताजी मेरी आँखों से देखते थे। वह आज भी मेरे मार्गदर्शक हैं। मैं आज निराश नहीं हूँ मैं जानती हूँ कि मुझे अपनी कमजोरियों पर काबू पाना है। मैं आज भी अपने पापा की लाडली बेटी हूँ। जिसे अपने पापा के आदर्शों पर चलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने मुझे यही सिखाया है कि आगे बढ़ना ही जिन्दगी है।

अंजली उपाध्याय (XI-D)

कोरोना, कोरोना
इतना भी परेशान करो ना

यहाँ परेशानी से तात्पर्य है लॉकडाउन अर्थात घर में बंद रहना। अब तो घर में इतना रह लिया है कि साइकिल में भी जंग लग गई है। लोग स्टेटस लगाते हैं और फोटो अपलोड करते हैं – 'चॉकलेट केक मेड बाई मी' 'चॉको बॉल्स मेड बाई मी' इत्यादि। मुझे समझ नहीं आता इन लोगों को समय कैसे मिलता है, मुझे तो विद्यालय से मिलने वाले गृहकार्य करने से छुट्टी ही नहीं मिलती थी। ऊपर से जहाँ जाओ मास्क का प्रयोग करो। अगर मास्क नहीं.... तो चालान सही। पैसे देने से तो अच्छा है कि मास्क के अंदर आधा पौना साँस ही ले ले। इन छः–सात महीनों में एक परेशानी यह थी कि इतनी लंबी अवधि में घर के वही दस लोग और स्कूल से आने वाले गृहकार्य के साथ समय बिताना। ऐसा लग रहा था 2017 का नोटबंदी 2020 के घरबंदी में परिवर्तित हो गया था। ऊपर से कोरोना महाराज तो अपना कहर ढ़ाने में पीछे नहीं थे, दिन–प्रतिदिन भटूरे के जैसे फलते–फूलते जा रहे थे। तालाबन्दी, सैनेटाइजर लगा–लगाकर हाथ छिल गए। हर सुबह जब टी.वी. खोलो आप अच्छे मूड में भी हो तो समाचार चैनल वाले ऐसी खबरें सुनाएँगे कि आपको लगेगा कोरोना बैंड बाजा बारात लेकर बाहर खड़ा है, अभी चार कंधों पर अर्थी उठेगी। अब सुबह देर से उठने का सुख भी नहीं रह गया था। सुबह सात बजे उठे और उपस्थिति लगाएँ। न दोस्त न सहपाठी, सिर्फ फोन और गूगल क्लासरूम।

एक दूसरी समस्या यह जहाँ छुट्टियों में हम नानी के घर जाते थे, अन्य दूसरी जगहों जाते थे किन्तु इस बार हम कहीं बाहर नहीं जा पाये। सात महीनों में एक भी बार होटल पार्क की शक्ल तक न देखी। न किसी के जन्मदिन पर केक आया, न दोस्त आए। रिश्तेदारी में जितने शादी–विवाह हुए सब फीके गए। अनेक अवसर पर तो बुलाया नहीं गया और कुछ में घर के सिर्फ दो सदस्य आने को कहा गया। महामारी के आने के प्रारम्भ में लोग कहते थे कि एक महीने की महामारी है, फिर कहा गर्मी में खत्म हो जाएगा, उसके बाद ज्योतिष विद्या से पता चला कि जुलाई के अंत में खत्म हो जाएगा। परन्तु हर बार हम मासूम बच्चों की खुशी पर पानी फिरता रहा। प्रत्येक दिन अनेक लोग मर रहे हैं अनेक संक्रमित हो रहे हैं। मन तो करता है कि कोरोना का गला दबा दें, पर फिर डर लगता है कि कहीं मेरे गले में घुस गया तो बम–ब्लास्ट कर देगा। हम बच्चे मानसिक पीड़ा के दौर से गुजर रहे थे, पर सोच रहे थे कि कभी तो स्कूल खुलेगा ही।

सलोनी गोयल (X-A)

आत्मनिर्भर भारत

"दूसरे पर निर्भर रहकर व्यक्ति अपने जीवन के सुखों का वास्तविक उपभोग नहीं कर सकता ।"

आत्मनिर्भर का अर्थ है–अपने किसी भी जरूरत के लिए किसी अन्य पर निर्भर न होकर सिर्फ खुद पर निर्भर होना। यह एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण है, जिसमें हम भारतीय अपने ही देश में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी–अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति अपने देश की माँग के अनुरूप अपने ही लोगों द्वारा अपने ही संसाधनों का उपयोग करके विश्व कल्याण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाएँगे। आज जापान, अमेरिका, रूस, चीन, इजराइल जैसे देश इसी कारण हमसे आगे हैं। इसलिए आत्मनिर्भर बनना वर्तमान की जरूरत है। आत्मनिर्भरता सिर्फ आत्मबल और आत्मविश्वास से ही संभव है। आत्मनिर्भरता, ग्लोबल सप्लाई चेन में कड़ी स्पर्धा के लिए भी देश को तैयार करती है। आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी सहायक होती है, जिसके कारण सफलता की राह आसान हो जाती है। आज विश्व में आत्मनिर्भरता के मामले पूरी तरह से बदल गए हैं। भारत की संस्कृति और संस्कार उस आत्मनिर्भरता की बात करते हैं जिसकी आत्मा "वसुधैव कुटुम्बकम्" है। भारत की आत्मनिर्भरता में संसार के सुख, सहयोग और शांति की चिंता

होती है। भारत की प्रगति में हमेशा विश्व की प्रगति समाहित रही है। भारत के लक्ष्यों और कार्यों का प्रभाव विश्व पर जरूर पड़ता है। आत्मनिर्भर का मतलब यह नहीं है कि हम किसी देश के सामान का आयात बंद कर दें। इसका मतलब यह है कि हमारा खुद का माल इतना सस्ता और अच्छा हो कि विदेशी सामान को छोड़कर लोग इसे ही खरीदें। यहाँ भारत में अभी तक कुछ शीर्ष आयातित उत्पाद हैं जो कि भारी मात्रा में आयात किए जाते हैं : तेल, कीमती पत्थर, इलेक्ट्रानिक्स, भारी मशीनरी, जैविक रसायन, प्लास्टिक, वनस्पति तेल, हथियार, लोहा, इस्पात आदि। अगर भारत आत्मनिर्भर बनेगा तो इन सब उत्पादों को आयात करने का खर्च बचा सकता है।

आत्मनिर्भरता का मतलब देश और दुनिया में गिड़गिड़ा कर अपना माल बेचना नहीं है। इसका मतलब है कि अपनी क्वालिटी और ब्राडिंग इस स्तर की करनी है कि लोग अपनी पसन्द से उसे खरीदें। आत्मनिर्भरता का मजाक उड़ाना स्वयं अपने वजूद का मजाक उड़ाना है। आत्मनिर्भर भारत की भव्य इमारत 5 खंभों – इकोनॉमी, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी, ड्राइवेन व्यवस्था, वाईब्रेट डेमोग्राफी व डिमांड पर खड़ी है। डिमांड बढ़ाने और इसे पूरा करने के लिए सप्लाई चेन के हर स्टाक होल्डर्स को सशक्त होना जरूरी है साथ ही प्रत्येक के श्रम का सम्मान देना भी उतना ही जरूरी है। काम न करने व जो है सो ठीक है, की आदत का त्याग करना चाहिए।

आत्मनिर्भर होने से हमारे देश को अनेकों लाभ हैं। पहला लाभ तो आयात में कमी और निर्यात में वृद्धि होगी। जिससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। दूसरा, अन्य देशों से व्यापार के साथ– साथ मित्रता भी बढ़ेगी। तीसरा, इससे पूरे विश्व में एक भाईचारे का संदेश जाएगा। इसके अलावा हमें बड़ी–बड़ी मशीनें, कच्चा माल, कलपुर्जे आदि खरीदने की जरूरत नहीं होगी। दुनिया में एक नई पहचान बढ़ेगी, देश में ही निवेश बढ़ेगा, बेरोजगारी–भुखमरी का नामोनिशान मिटेगा, डालर के मुकाबले रूपया मजबूत होगा, लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा आदि। देश को आत्मनिर्भर बनाने में अनेक समस्याएँ भी हैं। जैसे कि ''कुशल भारत–कौशल भारत'' योजना के अन्तर्गत मजदूरों, नव–युवकों के उत्तम प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। इसे और अधिक व्यापक बनाया जाए। महिलाओं के शिक्षण–प्रशिक्षण की विशेष कार्य–योजना बनाई जाए। हर क्षेत्र में सुरक्षा व कानूनी बाधाओं को दूर किया जाए। देश के उज्ज्वल भविष्य को बचपन से ही किसी विशेष क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। जिससे उन्हें अपने भविष्य की चिंता न हो, वे अपनी रुचि व प्रशिक्षण से प्रतिभा को निखार सकें। प्रत्येक जिले में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना हो। शहर और गाँव की कनेक्टीविटी को बढ़ाया जाए। ऐसी व्यवस्था हो जिसमें शहरों में निर्मित उत्पादों का कच्चा माल गाँवों से ही अधिकांशतः प्राप्त हो सके तथा बैंकिक प्रणाली को मजबूत किया जाए। आत्मनिर्भर बनने की शुरूआत हो चुकी है। यही कारण है कि वर्ष 2020–21 की पहली छमाही तक एफडीआई तीस अरब डालर के पास पहुँच गया। विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए पन्द्रह सौ से अधिक पुराने कानूनों को खत्म किया गया। कोविड–19 के दौरान पीपीई किट, एन–95 मास्क का उत्पादन करके बनाकर तथा दुनिया के देशों को वैक्सीन पहुँचाकर हमने दृढ़ संकल्प शक्ति का परिचय दिया है।

कहते हैं– ''ईश्वर भी सदा उन्हीं की मदद करते हैं जो स्वयं की मदद करते हैं।'' आत्मनिर्भर का मतलब यह भी नहीं कि हम सरकार से धनराशि लेकर कभी वापस ही न करें। इसका मतलब यह है कि आप अपना उद्योग या व्यवसाय सरकार की मदद से स्थापित करें और फिर धीरे–धीरे पैरों पर खड़े होते हुए सरकार का पैसा वापस करें। पूरी पृथ्वी पर मनुष्य ही है जिसने सभी असंभव कार्य किए हैं, फिर यह तो एक कोशिश करने की बात है।

ऋषभ जायसवाल (XII-G)

मेरे जीवन का लक्ष्य

लक्ष्यहीन जीवन भटकाव से भरा रहता है। ऐसा जीवन लोगों की दृष्टि में अच्छा नहीं माना जाता है। निरुद्देश्य घूमते रहने से अच्छा है कि हम अपने जीवन का एक लक्ष्य बना लें। मैं अब इंजीनियर बनने का ख्वाब देख रही हूँ। अब यही मेरे जीवन का लक्ष्य है। मैं यह निश्चय कर चुकी हूँ कि मैं एक योग्य इंजीनियर बनूँ। मैं कहीं पढ़ी थी कि एक असली इंजीनियर वह होता है जो अपने तेज दिमाग और अपने कलम से नए–नए आविष्कार करते हैं और दुनिया को नई ऊँचाइयों पे ले जाते हैं। ऐसा कहा गया है कि आज के आधुनिक युग के लिए इंजीनियरिंग रीढ़ की हड्डी साबित हुई है। अगर मुझे अपने लक्ष्य के तौर पर इंजीनियर बनना पड़ा तो मैं एक एग्रीकल्चर इंजीनियर ही बनूँगी क्योंकि मैंने बचपन से ही किसानों को संघर्ष करते हुए देखा है। मैं यही चाहती हूँ कि मैं नई–नई तकनीकों का आविष्कार करूँ जो आगे चलकर किसानों को कृषि कार्य में मददगार बने तथा कृषि की उत्पादन क्षमता बढ़े ताकि हमारे देश के किसान खुशहाल और समृद्ध बनें।

प्रियंका (IX-J)

डर लगता है

अमाशय को डर लगता है जब आप सुबह का नाश्ता नहीं करते। किडनी को डर लगता है, जब आप 24 घण्टों में 10 गिलास पानी भी नहीं पीते। गाल ब्लैडर को डर लगता है, जब आप 10 बजे रात तक सोते नहीं और सूर्योदय के पहले उठते नहीं। छोटी आंत को डर लगता है, जब आप ठण्डा और बासी भोजन खाते हैं। बड़ी आंत को डर लगता है जब आप तेलयुक्त मसालेदार मांसाहारी भोजन खाते हैं। लीवर को डर लगता है जब आप भारी तला भोजन, जंक और फास्ट फूड खाते हैं। हृदय को डर लगता है, जब आप नमक और कोलेस्ट्राल वाला भोजन करते हैं। पैनक्रियाज को डर लगता है जब आप स्वाद और फी के चक्कर में अधिक मीठा खाते हैं। आँखों को डर लगता है, जब आप अँधेरे में मोबाइल और कम्प्यूटर में देर तक काम करते हैं। मस्तिष्क को डर लगता है, जब आप नकारात्मक चिंतन करते हैं। क्या ये डर आपको अच्छा लगता है? ये आपके शरीर के ही कलपुर्जे हैं। इन्हें डराएँ मत, क्योंकि ये बाजार में उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए अपने शरीर के इन कलपुर्जों का विशेष ख्याल रखें। शुद्ध, सात्विक, प्राकृतिक भोजन करो, खूब व्यायाम करो, चिंता को त्यागो और मस्त रहो।

प्रियांशु वर्मा (XII-F)

फिर स्कूल चले हम

कोरोना की इस घातक महामारी के कारण पूरे भारत में मार्च महीने से ही सभी स्कूल बंद थे। पहले तो इतने दिनों की छुट्टी होने की खुशी समा नहीं रही थी। लेकिन जैसे–जैसे छुट्टियाँ बढ़ रही थी स्कूल की याद भी आ रही थी। जब एकाएक पूरे सात महीने की छुट्टी के बाद उन्नीस अक्टूबर से स्कूल खुलने की सूचना हम बच्चों के कानों तक आई, तब हमारे बीच उत्साह की लहर छाई। चार दिन पहले से सोचने लगे क्या पढ़ेंगे? कैसा होगा? कौन आएगा और नहीं आएगा? अच्छा लग रहा था कि इतने दिन बाद स्कूल जा रहे हैं। साथ ही कोरोना का डर भी अंदर ही अंदर खाए जा रहा था। जो दो–चार दिन बचे वो भी बीत गए और उन्नीस अक्टूबर का दिन सामने था। उस दिन मैं कुछ जल्दी उठकर स्कूल के लिए तैयार होकर 8:30 बजे स्कूल पहुँची। विद्यालय द्वार पर देखा तो पाया अमित सर सैनिटाइजर लिए खड़े थे और स्कूल में सामाजिक, शारीरिक दूरी के नियम भी बड़े ही कड़े थे। द्वार पर हैंड सैनिटाइज कराया गया, तापमान की जाँच हुई। स्कूल में इतनी अच्छी व्यवस्था देखकर कहीं न कहीं आश्चर्य भी हुआ। फिर दो कदम चलकर जैसे नजर उठाई तो देखा सलोनी खड़ी थी। मन तो किया गले मिल लें, लेकिन कोरोना भाई साहब का डर था क्या करें? फिर हम दोनो कक्षा में गए। वहाँ शहबाज सर पहले से मौजूद थे। कक्षा में प्रवेश करते ही लगा मानो किसी बिछड़े से मुलाकात हुई हो। मन को शांति और ठंडक मिली हो। इसके बाद हमने बैठने वाले स्थान को सैनिटाइज किया और बैठ गए। बच्चों में दूरी इतनी थी जैसे सामने वाले को कोरोना ही हुआ हो। धीरे–धीरे हमारी कक्षा के बच्चे आने लगे। कुछ के तो चेहरे भी मास्क के कारण अनजाने लगे। सबके ही चेहरों पर रंग–बिरंगा मास्क था। पता ही न चल पाया कौन दोस्त हमारा खास था। सर्वप्रथम पूरी तरह सुरक्षित व सामाजिक दूरी के साथ विज्ञान की कक्षा चली और सब कुछ समझ में भी आया। दूसरी कक्षा में शैलेन्द्र सर ने ट्राएंगल चैप्टर से इंट्रो करवाया बड़ा मजा आया। बाद में हमारी अंग्रेजी और हिंदी की कक्षा चली। 11:50 होते ही स्कूल की घंटी ने टन–टन की आवाज की। फिर हम सब कक्षा से बाहर निकले और सैनिटाइजेशन कराते हुए घर के लिए रवाना हुए। तो कुछ ऐसा ही उत्सुकता तथा जिज्ञासा से भरा था कोरोना की घड़ी में मेरा स्कूल का पहला दिन।

सौम्या यादव (X-A)

चलो किताबें खरीदें

एक दिन माँ ने मेरे भाई और मुझे कुछ पैसे देकर कहा "जाओ! कुछ अच्छी अपने मनपसन्द की किताबें खरीद लाओ,"। हम दोनों बहुत खुश हुए। क्योंकि हम दोनों को पढ़ना बहुत अच्छा लगता है। हम सोचने लगे–क्या हम अभी जाएँ? क्या हम बाद में लाएँ? क्या हम चलें? क्या हम कल लायें? हमने तय कर लिया कि अभी खरीदकर लाते हैं।

अब हम सोचने लगे, क्या हमें बड़े बाजार जाना चाहिए? क्या हमें छोटी दुकान में जाना चाहिए? क्या हमें किसी के साथ जाना चाहिए? क्या हमें अकेले जाना चाहिए? हमने तय किया कि केवल हम दोनों छोटी दुकान में जाएँगे।

क्या हमें ऐसी किताब खरीदनी चाहिए जिसमें ढेर सारे चित्र हों? क्या हमें वह किताब खरीदनी चाहिए, जिसमें खूब कहानियाँ हों? क्या हम पतली–सी किताब खरीदें? हम तय नहीं कर पाये।

जब हम दुकानदार के पास पहुँचे, वह हमें देखकर मुस्कराते हुए बोला– "बच्चों, आओ! मैं तुम्हें हर प्रकार की किताबें दिखाता हूँ" उसने कहा, ये किताबें हमारे लोक–जीवन, पशु, पक्षियों, प्रकृति, पर्यावरण, जीवनी, यात्रा, इतिहास, विभिन्न देशों की संस्कृतियों और धर्म–आध्यात्म पर आधारित हैं।

मैंने कुछ किताबें उठाई, मेरे भाई ने कुछ किताबें उठाई। मैं फर्श पर बैठ गई, वह कुर्सी पर बैठ गया और हम दोनों पढ़ते गए। कितनी शांति थी। यहाँ कोई आवाज नहीं थी। एक घंटा बीता, दो घंटे बीते, आखिर में, हम दोनों ने तय कर लिया कि हमें कौन–सी किताबें खरीदनी हैं। मैंने एक मोटी सी किताब खरीदी जिसमें कहानियाँ थी। मेरे भाई ने एक बड़ी किताब खरीदी जिसमें सिर्फ तस्वीरें थीं। हम दोनों दौड़कर हँसते हुए घर आकर माँ के पास उनके बिस्तर पर चढ़कर बैठ गए। उन्होंने हमें अपने पास बिठाकर दुलारते–सहलाते रहे। उसके बाद हम दोनों अपनी–अपनी जगह बैठकर पढ़ते रहे, पढ़ते रहे और ढ़ेर सारी बातें करते रहे.....।

रिया अग्रहरि (IV-D)

प्यारी माँ

प्यारी जग से न्यारी माँ,
खुशियाँ देती सारी माँ।
चलना हमें सिखाती माँ,
मंजिल हमें दिखाती माँ।
सबसे मीठा बोल है माँ,
दुनिया में अनमोल है माँ।
खाना हमें खिलाती माँ,
लोरी गाकर सुलाती है माँ।
प्यारी जग से न्यारी माँ,
खुशियाँ देती सारी माँ।

अवर्तिका (I-B)

मेरी माँ

मेरी माँ का नाम शुभ्रा है। मेरी माँ सबसे अच्छी है। मुझसे बहुत प्यार करती है। वह सुबह सबसे पहले उठ जाती हैं और सबके लिए स्वादिष्ट नाश्ता बनाती हैं। वह घर के सभी लोगों का ध्यान रखती है। मेरी माँ मेरी आदर्श हैं। मेरी माँ मेरी सबसे अच्छी दोस्त हैं। मैं अपनी माँ को बहुत प्यार करती हूँ। मेरी माँ ईश्वर द्वारा मेरे और मेरे भाई–बहन के लिए दिया गया एक वरदान है। मैं भगवान को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने मुझे दुनिया की सबसे अच्छी माँ दी है। मेरी माँ बहुत प्यारी और समझदार है। मेरी माँ एक बहुत अच्छी इंसान है। घर में सभी उनका सम्मान करते हैं। मेरी माँ मुझे अच्छी बातें सिखाती है। मुझे सच्चाई के रास्ते पर चलने की सीख देती है। वह मुझे रोज सुबह स्कूल के लिए तैयार करती है। मेरी माँ मुझे पढ़ाई में भी मदद करती है। मैं अपनी माँ को बहुत प्यार करती हूँ और मेरी माँ भी मुझसे बहुत प्यार करती है।

निधि पाण्डेय (IV-A)

पेड़ हमारे प्यारे हैं

पेड हैं तो जहान है
जग में खुशियों की बहार है
धुँआ सारे यह करता कम
ऑक्सीजन देता भरपूर
सुंदर–सुंदर फूल खिलाता
मन आनन्द से भर जाता
कितने अच्छे फल यह देता
खाकर बनते बलवान हम
भरी दोपहरी हमें बचाता
धरती में शीतलता लाता
कितना ख्याल हम सबका रखता
करें संकल्प हम सभी मिलकर
एक पौधा तो जरूर लगाएँ।

सतीश मिश्रा (VI-F)



क्या विनाश का कारण प्रदूषण होगा?

पृथ्वी पर जीवन, जल, कार्बन तथा ऊष्मा के एक खास संतुलन के कारण संभव हुआ। इसमें कोई भी संतुलन गड़बड़ाने से जीवन पर खतरा हो जाएगा। इन तीनों के संतुलन के अतिरिक्त मिट्टी एवं वायु भी जीवन के लिए अपरिहार्य चीजें हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था "प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा कर सकती है, लालचों को नहीं।"

प्रदूषण एक समस्या के रूप में तब शुरू हुआ जब भाप के इंजन के प्रयोग के पश्चात पहली औद्योगिक क्रांति ने जन्म लिया। धीरे–धीरे दूसरी औद्योगिक क्रांति तक आते–आते पूरी दुनिया में व्यापक उत्पादन प्रणाली का जोर हो गया। दुनिया की अर्थव्यवस्था में हाइड्रोकार्बनिक खनिज तेल, रसायनों, प्लास्टिक और अंततः विकिरण फैलाने वाली परमाणु सामग्री का जोर हो गया। बहुराष्ट्रीय रासायनिक दानवों में कृषि में उर्वरकों व कीटनाशकों का ऐसा भयंकर प्रयोग करवाया कि दुनियाभर की मिट्टी और अंततः भूगर्भ जल में खतरनाक रसायनों का स्तर बुरी तरह से बढ़ गया। मच्छरों को मारने के लिए और अन्य कीटों को भगाने वाले रसायनों में समस्त पारिस्थितिकी तंत्र पर खतरा पैदा कर दिया है। दुनिया की अनगिनत जीव प्रजातियाँ इस वजह से लुप्त हो गई। भारत में भी गिद्ध, गौरैया जैसे पक्षियों का कम दिखना इसी के कारण हुआ। भारी संख्या में खनन, औद्योगीकरण तथा बसावटों के दबाव में कार्बनिक गैसों को सोखकर जीवनदायिनी आक्सीजन में बदलने वाले पृथ्वी के फेफड़ों यानी वनों को लगातार काटा गया है तथा लगातार कार्बन डाईऑक्साइड एवं अन्य खतरनाक गैसों का स्तर बढ़ता ही रहा है क्योंकि सारा विकास अंततः ज्यादा से ज्यादा कार्बन जलाने पर निर्भर रहा है। इन प्रवृत्तियों ने पृथ्वी पर हरित गृह प्रभाव का संकट उत्पन्न किया है, स्थिति यह आ गई कि दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन के आकस्मिक व भयावह दुष्परिणामों से दुनिया का सामना हो रहा है।

पृथ्वी को बचाने के लिए इनका विकल्प खोजना एवं अक्षय उर्जा को बढ़ावा देना एकमात्र विकल्प रह गया है। परमाणु कचरा, जो हजारों वर्षों तक पर्यावरण को दुष्प्रभावित करता रहता है, उसका क्या होगा? परमाणु बिजली बनाना बेहद मँहगा काम है, उतने पैसे में यदि देश में सोलर मिशन चलाया जाए तथा दुनियाभर में ऐसे प्रयास हो तो तस्वीर ही बदल जाए। दुनियाभर के 20 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में 18 एशिया में हैं, उनमें से भी 13 केवल भारत में हैं। दिल्ली और बीजिंग दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हैं। यहाँ प्रदूषित हवा का स्तर सामान्य सहन सीमा से 10 गुना तक ज्यादा हो चुका है। लंदन जैसे शहर में वायु प्रदूषण से प्रतिवर्ष 9500 मौतें होती हैं तो दिल्ली में यह दर 80 व्यक्ति प्रतिदिन है। हवा तो हवा, पानी और जमीन की स्थिति भी कुछ अच्छी नहीं है, पानी में मिले खतरनाक रसायनों से भी मौतें हो रही हैं, समुद्र कचराघरों में तब्दील हो रहे हैं। यह भोगवादी जीवनशैली जो अमेरिका के नेतृत्व में सामने आई है, नोम चॉम्स्की के शब्दों में "इसकी भूख शांत करने के लिए कई पृथ्वियों की जरूरत पड़ेगी।" यदि हम आज भी सँभल जाएँ और अपनी जीवनशैली व तकनीक में परिवर्तन कर लें तब भी 50 वर्षों तक पृथ्वी पर इसके दुष्प्रभाव दिखते रहेंगे, उसके बाद ही स्थिति में बदलाव आएगा, वह भी तब जब हम अभी भी संभल जाएँ।

तनु वर्मा (XII-F)

यदि मैं पक्षी होता !

यदि मैं पक्षी होता तो मैं आकाश की अनंत ऊँचाइयों को छूता और ठंडी हवा का लुत्फ उठाता। अन्य सभी पक्षियों की तरह मेरी जिंदगी भी कितनी आनंद से भरपूर होती और मैं दिनभर आकाश में उड़ता रहता तथा जब मुझे भूख–प्यास लगती तब मैं अपने मनपसन्द फल वाले पेड़ पर जाता और वहाँ से अच्छे स्वादिष्ट फलों को खाकर अपना पेट भरता और प्यास बुझाने के लिए मैं किसी नदी का शीतल जल पीता और मस्त रहता।

यदि मैं पक्षी होता तो मैं किसी शहर में रहने की अपेक्षा एक घने जंगल में रहना पसंद करता। क्योंकि शहर में आजकल इतना प्रदूषण हो गया है, जिससे वहाँ पर रहना किसी खतरे से कम नहीं है। दूसरी ओर जंगल में अनेकों पेड़ होते हैं। पेड़ पर बैठकर मैं मधुर गीत गाता जो सभी को प्रिय लगते हैं।

हर एक मानव का सपना होता है कि वह ऊँचे से ऊँचे पहाड़ पर पहुँचकर ऊँचाई का लुत्फ उठाए। मैं ऊँचे पहाड़ों की चोटियों पर जाकर बैठा करता। जहाँ से पृथ्वी का सुंदर नजारा देखने को मिलता। अन्य सभी पक्षियों की तरह एक डाल से दूसरी डाल पर फुदकता और एक कतार बनाकर अन्य पक्षियों के साथ घूमने जाता।

जिस प्रकार काव्य तथा साहित्य में मोर की सुंदरता तथा मीठी वाणी वाले को कोकिला की उपमा दी जाती है। लोभी को गिद्ध, ढोंगी को बगुला भगत, नीलकंठ को शिव का प्रतीक, बाज को वीरता तथा शौर्य का प्रतीक माना जाता है उसी प्रकार मेरे लिए भी किसी न किसी उपमा का प्रयोग किया जाता और निश्चित ही मेरे लिए गर्व की बात होती।

यदि मैं पक्षा होता तो मैं मानव से मित्रता स्थापित कर उसका हित करता। छोटे–मोटे कीड़े–मकोड़ों को खाकर फसल की रक्षा करता। परन्तु मैं पिंजड़े की कैद में कभी न आता। मुझे आजादी अत्यंत प्रिय है। इसलिए मैं मनुष्यों को समझाता कि किसी को भी कैद रखना गलत है। पक्षी बनने के पीछे एक प्रमुख वजह यह भी है कि कुछ पक्षियों को देवताओं के वाहन होने का गौरव भी प्राप्त है। कितनी प्रसन्नता होती मुझे गरुड. बनकर भगवान विष्णु का उल्लू बनकर देवी लक्ष्मी का, हंस बनकर ज्ञान की देवी माता सरस्वती का वाहन बनने में।

काश! मैं पक्षी होता और स्वछन्द, उन्मुक्त, बंधनरहित, आकांक्षारहित जीवन यापन करता।

निखिल यादव (XI-F)

यादों के झरोखों से

वर्ष 2012–13 की बात है, नर्सरी की कक्षाएँ चल रही थी हालांकि उस समय मैं कक्षा 8 में हिन्दी और संस्कृत पढ़ाती थी, लेकिन बच्चों से अपने अप्रतिम लगाव के कारण मैं नर्सरी कक्षा में भी एक पीरिएड ले लेती थी।

अगस्त का महीना चल रहा था। एक बच्चे का नया प्रवेश हुआ था। मैं कक्षा में आई तो मेरी नजर उसी नए बच्चे को ढूँढ़ रही थी। हालांकि नये बच्चों को ढूँढने में कुछ ज्यादा परेशानी नहीं होती थी अक्सर उनकी रोनी सूरत को देखकर पता चल जाता था। लेकिन आज कुछ ऐसा नहीं था कोई भी सूरत रोनी नहीं थी और न ही रह–रहकर गूँजने वाली सिसकियाँ थी। मैंने चारों तरफ नजर दौड़ाई कोई भी सूरत नई नहीं थी। नया था तो बस कक्षा का वातावरण पूरी कक्षा अस्त–व्यस्त थी। कहीं पर बॉटल से पानी गिर रहा था, तो कहीं पर बिस्किट के खाली पैकेट फेंके हुए थे। एक बैग खुला हुआ था उसके कुछ कॉपी और किताब बिखरे हुए थे, और कॉपी से कागज फाड़कर पूरी कक्षा में बिखराया गया था। मैंने अपने बच्चों को डस्टबिन का उपयोग करना सिखा दिया था वे इस तरह से कक्षा को गंदा नहीं कर सकते। मैंने बैग पैक करते हुए बच्चों से पूछा, ये बैग किसका है? कोई कुछ नहीं बोल रहा। मैंने फिर पूछा–तो एक बच्चे ने धीरे से टेबल के नीचे की तरफ इशारा किया। मैंने देखा तो हमारे बाल परिवार के नवआगंतुक टेबल के नीचे छुपे बैठे थे। शायद उसको आभास था कि उसने कुछ गलत किया है और इसकी उसे सजा भी मिलेगी।

फिलहाल मैंने उसको प्यार से उठाकर कुर्सी पर बैठाया। मेरे लिए सुकून की बात यह थी कि वो माँ के लिए रो नहीं रहा था और मुझे कुछ ज्यादा माथापच्ची नहीं करना पड़ा। लेकिन मुझे आश्चर्य हो रहा था कि ये पहला बच्चा है जो पहली बार स्कूल आने पर रोया नहीं। लेकिन धीरे–धीरे वह मुझे सामान्य बच्चों से कुछ अलग लगने लगा। वह हर छोटी–मोटी शरारतें करता जो स्कूल के नियम के विरुद्ध थी।

इधर बीच तो उसकी शरारतें भी बढ़ने लगी थी अब एक नई शिकायत आने लगी थी कि वो किसी न किसी बच्चे का लंच चुराकर खा जाता है। मैंने हर बार उसे बुलाकर समझाया लेकिन कोई फायदा नहीं। एक दिन फिर वही शिकायत मैं खीझ गई। मैंने गुस्से में उससे कहा–तुम दूसरे की टिफिन क्यों चुराते हो तुम्हारी खुद की टिफिन क्या हुई? उसने कातर स्वर में कहा 'नहीं लाया हूँ'। मैंने कहा–कल तुम अपनी मम्मी को लेकर आना। उसने तपाक् से कहा 'मेरी मम्मी नहीं है'।

मैं स्तब्ध थी मुझे उसके बातों पर यकीन नहीं हो रहा था लेकिन मैंने उससे कुछ न कहा। अगले दिन मैंने उसके अभिभावक को बुलाया। अभिभावक जो रिश्ते में उसके दादा थे, काफी बुजुर्ग थे। मेरे पूछने पर उन्होंने बताया कि इसके पैदा होने के एक महीने बाद इसकी माँ एक सड़क दुर्घटना में चल बसी। घर में दादी हैं, जो काफी बीमार चल रही हैं और वही इनकी देखभाल करती हैं।

अब मुझे कुछ और जानने की जरूरत नहीं थी। मुझे यह आभास हो गया कि इसके शरारती होने का, टिफिन चोरी का, इस तरह मलिन और शुष्क होने का क्या रहस्य है? पहले दिन वह स्कूल आया तो रोया क्यों नहीं? सामान्य बच्चे जिस ममता की छाँव से अब तक अलग नहीं होना चाहते उस अलगाव को वह पैदा होते ही झेल रहा है। उसकी मलिनता को देखकर जो भी मलिनता मेरे मन में आई थी, अब उसकी जगह मेरी ममता ने ले लिया।

आराधना शुक्ला (PRT-Hindi)

मेरी प्यारी शिक्षिका

घर छोड़कर शुरू–शुरू में,
जब स्कूल चला जाता था।
माँ को याद करके मैं आँसू खूब बहाता,
एक दिन प्यारी मैम ने मुझको समझाया।
मैं भी तो माँ जैसी हूँ कहकर मुझे सहलाया,
आओ, मेरे साथ खेलो कहकर मुझे बहलाया।
आपने सिखाया हँसना–खेलना,
करके प्यार–दुलार।
रहना प्रेम से आपस में,
न करना तुम तकरार।
इसलिए प्यारी मैम को,
धन्यवाद! बारम्बार।

तेजस (II-A)

बाधाओं से क्यूँ डरना

कर लो जो है तुझको करना,
लोगों से क्यूँ इतना डरना।
जो आज इनसे डर जाएगा,
कल को तू ही पछताएगा।।

जब तू आगे बढ़ना चाहेगा,
ये ही तुझे डराएंगे।
पीछे तू रह जाएगा,
ये ही तुझे चिढ़ाएंगे।

कर संघर्ष निखर जा तू,
कर पूरा अपना हर सपना।
वो कर जो तुझको है करना,
लोगों से इतना क्यूँ डरना?

अपना पथ तू स्वयं वरण कर,
असफलता से तनिक न डरना।
मंजिल सदा उसी की होती,
सीखा जिसने काँटों में रहना।।

अनमोल सिंह (X-L)

हौसले की उड़ान

आँखों में आस दिल में विश्वास
लबों पर मिठास लेकर चली मैं आज
मन में आता डॉक्टर बन जाऊँ
मन में आता अफसर बन जाऊँ
पर कोई राह दिखा दे मुझको
वो प्यारा राज बता दे मुझको
जिस पर चल मैं आगे बढ़ जाऊँ
मम्मी–पापा का नाम रोशन कर जाऊँ।

आराध्या पाठक (II-A)

एक आस

एक आस लिए बैठी हूँ
एहसास लिए बैठी हूँ
अपने ख्वाबों को पूरा करने का
अरमान लिए बैठी हूँ ।
उम्मीद है वो सूरज भी जगमगाएगा
जिस दिन उसकी रोशनी में मेरा नाम भी दिख पाएगा
मैं हारी नहीं हूँ, अब तक
हराई गई कई बार
पर आज भी अपनी जीत का आगाज लिए बैठी हूँ
हौसला है पिता का, माँ ने जज्बा दिया है,
आगे बढ़ने की ललकार लिए बैठी हूँ।
उम्मीद है दुनिया में सच्चाई ही जीते
उसी जीत की पर्ची में बस अपना
नाम लिखने बैठी हूँ।
यह आस लिए बैठी हूँ,
यह विश्वास लिए बैठी हूँ।।
ऐ जिन्दगी तेरी हर चुनौती का
मैं जबाब लिए बैठी हूँ।
एक आस लिए बैठी हूँ।

अंजली यादव (VIII-B)

बेटी

जब–जब जन्म लेती है बेटी,
खुशियाँ साथ लाती है बेटी।
ईश्वर की सौगात है बेटी,
सुबह की पहली किरण है बेटी।
तारों की शीतल छाया है बेटी,
आँगन की चिड़िया है बेटी।
त्याग और समर्पण सिखाती है बेटी,
नए–नए रिश्ते बनाती है बेटी।
जिस घर जाए उजाला लाती है बेटी,
बार–बार याद आती है बेटी।
बेटी की कीमत उनसे पूछो,
जिनके पास नहीं है बेटी।

वर्तिका पाण्डेय (VI-F)

हम बच्चे

बच्चे मन के सच्चे,
पर क्यों कमरे में बन्द रहते।

नहीं चाहिए चॉकलेट, टॉफी,
गलती हुई तो हमको दे दो माफी।

न हम कोई बंदर–भालू, न कोई डिब्बे के चुकन्दर,
हम हैं खुशी, नटखट से भरे देखने में सुन्दर–सुन्दर।

घर का आँगन बने वीरान,
खेल में मन रहे सूनसान।

फिर भी हो थोड़ा–सा प्यार तो बनाना हमें मेहमान,
हम बच्चे हैं नटखट, चटपट पर हैं, थोड़े बुद्धिमान।
अब न सहेंगे, अब न रुकेंगे, अब खेलेंगे अपने मैदान।

प्रखर वर्मा (IX-B)

जीवन अनमोल है

जीवन अनमोल है, इसे व्यर्थ न गंवाना।
काम ऐसा करो जिसे, सराहे पूरा जमाना।।
जीवन अनमोल है, इसे व्यर्थ न गंवाना।।

मन में अगर ठान लो तो छू लोगे आसमान।
खुशियों की बारात होगी, जिन्दगी में विराजमान।।
जिन्दगी का लक्ष्य पैसे नहीं, खुशियाँ भी है कमाना।
जीवन अनमोल है, इसे व्यर्थ न गवाँना।।

न देखो तुम अपने भूत या भविष्य को।
पूरी मेहनत लगाकर संवारो वर्तमान को।।
दिल की आवाज को एक दफा अवश्य आजमाना।
जीवन अनमोल है, इसे व्यर्थ न गवाँना।

यदि जीवन व्यर्थ गवाँवोगे तो पड़ेगा पछताना।
जीवन अनमोल है, इसे व्यर्थ न गवाँना।।

अस्तुति सिंह (VIII-B)

स्त्री जीवन

नारी सुख की खान है
नारी है तो नर है
नारी जीवन की आस है
वह नारी जो अब तक थी
पलकों में सिंचित सी
नारी उस अनमोल रतन का नाम है
सबका खयाल रखना जिसका काम है
कितने रूपों में उसकी सुंदरता
करते सभी बखान हैं
शहर दर शहर हो रही
अनाचार का शिकार है।
हम भूल रहे अपनी मर्यादा
मानवता को कर रहे शर्मसार
आज वही है डरी–डरी सी नारी
हमको करनी उसे बचाने की तैयारी।

अदिति गुप्ता (XI-I)

मेरा परिवार

दादी जी की बीती बातें,
दादी के संग की रातें।
कहते–सुनते सब मिलकर,
खुशियाँ आती पंख पसार।

मेरा प्यारा सा परिवार,
सुख–समृद्धि का आधार।
रिश्तों की डोरी से बँधकर,
कम हो जाता दुःख का भार।

घर के मुखिया बरगद जैसे,
देते छाया परम अपार।
इनके साये में पलकर,
सीखे हमने ऊँचे संस्कार।

अथर्व यादव (4-A)

शिक्षक हैं मेरे भगवान

शिक्षक हैं मेरे भगवान
मुझे बनाया है बलवान
संयमी, उत्साही, आशावादी
स्नेह, विद्वता और सच्चाई
उनमें ये हैं गुण अनेक
अनुशासन, कर्तव्य पालन की
प्रेम से देते हमको सीख
उनकी डाँट, उनकी हँसी
उनका त्याग, उनका सहयोग
कर देते हर मुश्किल आसान
हमको है उन पर अभिमान
उनकी आज्ञा है सिरमौर
उनका आदर, उनका सत्कार
रखेंगे हर वक्त बरकरार।

प्रियांश पाठक (VIII-A)

बस्ता

मेरा बस्ता भारी बस्ता
कर देता है हालत खस्ता
रोज–रोज विद्यालय जाना
बड़ा कठिन है भार उठाना
पानी, खाना इसमें रखना
सुबह सजाने को पड़ता जगना
मेरी यह लाचारी समझो
मोटी किताबें सभी हटा दो
बस्ते का अब भार घटा दो
कम्प्यूटर का आ गया जमाना
फिर भारी बस्ता क्यों उठाना?

समिधा सिंह (VII-D)

बैग नहीं, दोस्त है मेरा

बैग नहीं दोस्त है मेरा
स्कूल का साथी है मेरा
भूख लगे तो खाना देता
प्यास लगे तो पानी देता
मुझे अच्छी–अच्छी बातें सिखलाता
रूप बदलकर साथ निभाता
पापा के साथ ऑफिस जाता
मम्मी के साथ शापिंग जाता
कभी दादी के साथ मंदिर जाता
सफर में भी है साथ निभाता
कर देता है काम आसान
है मुझको इस पर अभिमान
यह बैग नहीं दोस्त है मेरा।

तान्या जायसवाल (VIII-B)

इंसानियत है अनमोल

इंसानियत है अनमोल
वक्त है समझो इसका मोल
क्यों कभी गरीब पर तरस नहीं खाते?
क्यों किसी घायल की पुकार पर नहीं आते?
क्यों किसी पेड़ को काटते वक्त
तुम उसकी उपयोगिता भूल जाते हो?
क्यों तुम दूसरों में कमी निकालते हो?
क्या कभी अपनी गलती भी सुधार पाते हो?
रात गए जब बिस्तर पर सोते हो
क्यों नहीं अपनों से खैर–ख्वाहिश की बात करते हो
माना कि जमाना बदला है
कभी–कभी अच्छाई ही दोषी ठहराई जाती है
पर तुमने क्यों अच्छाई का दामन छोड़ा है
अरे! कब से बैठे हो उस कोने में?
आओ! तुम सब सामने आओ
इंसान का इंसान से नाता तुम्हीं ने तोड़ा है
अब तुम ही उसे फिर बनाओगे
ये सब तुम्हारे अपने ही हैं
क्यों इनको गले न लगाओगे?

आर्यन यादव (VIII-D)



पुस्तक समीक्षा

पुस्तक का नाम–मानस का हंस
लेखक–अमृतलाल नागर
पुस्तक परिचय–गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर आधारित इस उपन्यास की वस्तु रोचक है ।

उपन्यास में तुलसीदास का जन्म यमुना तट के राजापुर से करीब एक गाँव में हुआ बताया गया है । पिता का नाम आत्माराम और माँ का नाम हुलसी था । तुलसी के जन्मते ही माँ का निधन हो गया। पिता ज्योतिषी थे, अतः बुरे नक्षत्रों में जन्म के कारण ,जन्मते ही तुलसी को त्याग दिया । तुलसी का लालन–पालन एक दायी, पार्वती ने किया । छः साल की उम्र तक दायी का देहांत हो गया। उनके सम आयु मित्र ने छल किया, स्थान छोड़ने को विवश कर दिया । भटकते हुए वे सूकर खेत पहुँच गए। जहाँ महावीरजी के मंदिर में भेंट नरहरिदास बाबा से हुई । जो उनके गुरु बन गए। इनसे तुलसीदासजी ने संस्कृत, ज्योतिष–शास्त्र, एवं धर्मग्रंथों की शिक्षा प्राप्त की। यहाँ उनका विवाह पं0 दीनबंधु की बेटी रत्नावली से हुआ। उनकी एक संतान भी हुई , फिर तुलसी काशी चले आए। यहाँ अपने मित्र गंगाराम की एक समस्या के समाधान हेतु ''रामाज्ञा प्रश्न'' की रचना की। जिसके एवज में प्रचुर धन प्राप्त हुआ । फिर राजापुर लौट आए। पत्नी संतान समेत पिता के घर गई थी। उनसे मिलने के अधैर्य ने उन्हें विचलित कर दिया। स्थल–काल से परे वे ससुराल पहुँच गए। असमय, अधैर्य के कारण अपमानित एवं मज़ाक के पात्र बनें । रत्नावली का मोह उन्हें यहाँ खींच लाया था । रत्नावली का व्यंग्य – ''स्त्री और पुरुष में यही तो अंतर है । नारी भले कामवश माता क्यों न बने, किंतु माता बनकर वह एक जगह निष्काम हो जाती है और पुरुष पिता बनकर भी दायित्व बोध भली प्रकार से अनुभव नहीं कर पाता । सच पूछो तो यह निरे चाम का लोभी है ,जीव में रमे राम का नहीं ।''

इससे तुलसीदास को बोध हुआ कि मैं सांसारिक कर्मों में लिप्त रहकर अपना जीवन नष्ट कर रहा हूँ । मध्य रात्रि को ही पत्नी एवं संतान को छोड़कर हमेशा के लिए चल निकले। घर त्याग के पश्चात उन्होंने अमर ग्रंथ 'रामचरित मानस ' की रचना की ।

काशी में रहते हुए 'रामचरित मानस– के माध्यम से लोगों में भक्ति व भावात्मक एकता का मंत्र फूँकने लगे। उन्होंने रत्नावली को वचन दिया था कि मृत्यु से पूर्व उससे मिलने अवश्य आएँगे और वह यह वचन निभाते हैं।

हमने देखा कि मानस का हंस किंवदंतियों पर आधारित तुलसीदास के जीवन की पीड़ा ,अभाव,करुणा,तिरस्कार एवं संघर्ष से परिपूर्ण कथा है। कोमल हृदय के अति संवेदनशील तुलसीजी पत्नी के मार्मिक वचन से आहत होते हैं और जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आता है, क्रमशः अनेक श्रेष्ठ रचनाओं के द्वारा जग प्रसिद्धी पाते हैं, महाकवि के रूप में जाने जाते हैं।

उपन्यास में अकबर के शासन काल को भी चित्रित किया गया है। राजनीतिक स्थिति अराजकता पूर्ण थी , जो उपन्यास के प्रारंभ में दिखाई देती है। इस उपन्यास की विशेषता है कि तत्कालीन सामाजिक परिवेश अपनी समग्रता में उपस्थित है। उस समय वर्ण व्यवस्था, ऊँच–नीच, आश्रम व्यवस्था नहीं थी, पर संन्यासी साधु , भक्तों,योगियों आदि का बहुत आदर होता था , सम्मान का भाव भी था। स्त्रियों की स्थिति निम्न स्तर की रही । कुल मिलाकर कह सकते हैं कि मानस का हंस तुलसीदास की जीवनी ही नहीं ,उस युग का सांस्कृतिक इतिहास भी है। लेखक ने तुलसीदास के बहाने उस युग की सामाजिक , धार्मिक अंतरविरोधों का चित्रण भी किया है जो स्वयं तुलसी की जीवनी में दिखाई देते हैं। इस उपन्यास में भक्ति आंदोलन के सांस्कृतिक–सामाजिक पक्ष को रखते हुए ,ये बताया गया है कि हम वर्तमान समस्याओं का सामना तभी कर सकते हैं ,जब जन सामान्य का उत्पीड़न समाप्त हो, भेद–भाव की दीवारें टूटें और सभी लोगों में एकता और भाईचारे की भावना प्रबल रूप से पनपे ।

यह कृति आज भी प्रासंगिक इसलिए है कि हमें धार्मिक, सांप्रदायिक, जातिवाद से ऊपर उठकर मानवतावादी दृष्टि का अनमोल संदेश देती है ।

पंकज कुमार सिंह (टीजीटी हिंदी)

INTER HOUSE CHAMPIONS

CCA ANNUAL REPORT 2020-21

S.N.	Activities	K	L	R	T
1	Story Telling (Hindi)	4	.	6	10
2	Speech (Hindi)	4	10	6	10
3	Declamation (English)	6	10		4
4	Essay Writing (Hindi)		10	6	4
5	Debate (Hindi)	4	6		10
6	Quiz (Hindi)	4	6		10
7	Impression Painting	10	6	4	
8	Painting Competition	10	4	6	
9	Story Telling (English)		10	4	6
10	Debate (English)	10		6	4
11	Extempore (Hindi)		6	4	10
12	Building Word Wall	4	6	4	10
13	Eassy Writing (English)	4	10	10	6
14	Grammar Quiz(English)		10	4	6
15	Speech (English)	4	6	10	6
16	Poem Recitation		6	4	10
	TOTAL	64	106	74	106

REPUBLIC DAY CELEBRATION

ANNUAL DAY CELEBRATION (VIRTUAL)

SCHOOL IN ACTION

YAMAHA

SPARK PLUGS X

ANSUM PATEL
97.6%

SUHANI PANDEY
96.6%

SHIVANSHU VISHWAKARMA
96.6%

SHIVANI DWIVEDI
96.0%

PRANJAL YADAV
95.6%

SAURABH YADAV
95.2%

ANUSHKA CHAUDHARY
95.2%

MD. ARSLAN
94.8%

PALAKSHI SINGH
94.8%

HIMANSHU UPADHYAY
94.8%

PRIYANSHU GUPTA
94.6%

SHAURYA PATEL
94.6%

ASTHA SINGH
94.6%

PRAVI JHA
94.4%

TANU YADAV
94.2%

AKASH YADAV
94.2%

RIYA SINGH
94.2%

SHIVA SINGH
94%

IFRAH KHAN
94%

AYUSH MISHRA
94%

MUSKAN GUPTA
94%

VIKAS VISHWAKARMA
93.6%

UJJWAL SHUKLA
93.6%

TANMAY DWIVEDI
93.4%

NISHTHA CHAKRAWARTI
93.4%

HARSH YADAV
93.2%

SATYAM GUPTA
93.2%

SHANTANU AGARWAL
93%

ATUL TIWARI
92.8%

KISHAN JAISWAL
92.8%

GAURAV SINGH
92.8%

SHASHI SHEKHAR
92.6%

ZAEEM ABBAS
92.6%

ANKIT GUPTA
92.4%

UMESH CHAUHAN
92.4%

SHRUTI VERMA
92.4%

RISHABH PATEL
92.4%

GAGAN PATEL
92.2%

MAISOORA JAVED
92.2%

SATYA KUMAR
92.2%

VIKRANT MISHRA
92.2%

DHANANJAY YADAV
92%

SHAFAQ GULAM
91.8%

SUMIT UPADHYAY
91.8%

ANURAG YADAV
91.8%

PRIYANSHI CHAUDHARY
91.6%

SWAPNIL SINGH
91.6%

ALIMA MEHDI
91.4%

VIDHI MISHRA
91.4%

ANKUR CHAURASIYA
91.2%

SHIVAM KUMAR
91.2%

ARYAN VERMA
91%

AMAN TIWARI
90.8%

NISHANT MADHESHIYA
90.8%

MANSI GUPTA
90.8%

SIDDHARTH
90.8%

SATYAM TRIPATHI
90.6%

MEENAL GAUTAM
90.6%

AYUSH JAISWAL
90.4%

AMAN MISHRA
90.4%

SRISHTEE SINGH
90.2%

RITUL SINGH
90.2%

SHIKHA VERMA
90.2%

PATH FINDERS XII

HARSHIT BAJORIA
98.2%

TANYA SONI
98%

RISHABH GUPTA
97.6%

SATVIK RAI
96%

MANSIJ SAGAR
95.8%

SAMAN JAWAID
95.8%

SHUBHAM JAISWAL
95.8%

DEEPAK YADAV
95.8%

ABHINAV JAISWAL
95.6%

PRAVEEN SHUKLA
95.6%

JANNAT APAQUE
95.6%

AYUSH ANAND
95.4%

SHIKHAR GUPTA
95.4%

NIVESH AGRAHARI
95.2%

VISHWAJEET SINGH
95%

SHIVA YADAV
95%

HIMANSHU VERMA
94.8%

SAUHARD ABHINAV
94.8%

VISHAL KUMAR
94.8%

MOHD ARIF
94.6%

SAUMYA VERMA
94.6%

DIVYA PRAKASH
94.6%

YUVRAJ CHAUHAN
94.4%

JAHNAVI YADAV
94.4%

ANURAG YADAV
94.2%

HUSAIN ASGHAR
94.2%

AZAD VERMA
94%

AMAN VERMA
93.8%

SUMATI SHUKLA
93.8%

ADITYA MADHESIYA
93.6%

PRABHAT YADAV
93.4%

DIKSHA MISHRA
93.4%

SATYAM BARANWAL
93.2%

PRIYANSHI MISHRA
93.2%

PRAFFUL AGRAWAL
93.2%

PRATYUSH SONI
93%

PRASOON YADAV
93%

PRIYA JAISWAL
92.8%

KSHITU SRIVASTAVA
92.8%

SHANTANU SINGH
92.4%

SURAJ MAURYA
92.4%

PRAVEEN YADAV
92.4%

SHREYA MISHRA
92.4%

HUSSAIN ASGHAR
92.2%

RAJ TIWARI
92.2%

NIDHI GUPTA
92.0%

GAURAV GAUTAM
91.8%

MANSI SINGH
91.8%

HARSH KASHYAP
91.8%

SYED M. ALI ASKARI
91.6%

ANKITA KUMARI
91.6%

ABHISHEK YADAV
91.2%

RIYA SINGH
91.2%

KIRTI VERMA
91.2%

RIYA SONI
91.2%

VAIBHAV RANJAN
91%

HUBANA SHAMIM
91%

RIYA AGRAWAL
91%

SALONI KUMARI
91%

JAY
91%

HARSH YADAV
90.8%

SAUMYA SINGH
90%

SHAKTI PANDEY
90%

ADIEU

Dear Students,

The Dedication with which you have pursued your studies in the school will guide you throughout your life. Work hard with passion and positivity. Wishing you all the best for future endeavours !

XII-A

XII-B

XII-C

XII-D

XII-E

XII-F

XII-G

XII-H

XII-I

SCHOOL FACILITATORS

PRE-PRIMARY WING

PRIMARY WING

JUNIOR WING

SECONDARY WING

SENIOR WING

OFFICE STAFF

CONVEYANCE
KEY MASTERS

CARE TAKERS

HELPING
HANDS

CREATIVE STROKES

ANSHIKA YADAV (5-C)



ARYA YADAV (3-C)

FRUTI PRAJAPATI (5-C)

ALISHA UMAR (4-A)

SHIVANSH MAURYA (5-C)

SAUMYA AGRAHARI (4-A)



SAKSHI TIWARI (5-B)

SHRISTI DUBEY (5-C)



VEENA TRIPATHI (5-B)

GARIMA GAURAV (4-D)

ARADHYA AGRAHARI (3-C)

ASHISH TIWARI (4-D)

MUSKAN JAIN (6-B)

RAZA ABBAS (6-B)

SHRISTI MISHRA (6-F)

ANSHIKA BHARTI (6-D)

DHARAMVEER SAHU (6-D)



AVNI PATEL (6-F)

SHREYA TRIPATHI (6-E)

PRATIGYA MAURYA (6-D)



SHEETAL SINGH (6-E)

AKHIL YADAV (6-F)

RICHA AGRAHARI (6-A)

ANVESHIKA SRIVASTAVA (6-D)

SHIKSHA YADAV (6-C)

SHASHVAT AGRAWAL (6-D)

MANYA SINGH (6-D)

ANUSHKA SONI (6-C)

SHAGUN YADAV (7-A)

APOORVA AGRAHARI (7-A)



SAUBHAGYA YADAV (8-C)

ADITYA SRIVASTVA (6-A)



DHARAMVEER SAHU (6-D)

AISHWARY SINGH (6-A)

ASHNA SALIM (7-E)

DANIYA ATHAR (8-A)

BATOOL ZAHRA (7-B)



ARPITA KUMARI (8-F)

SAHER MEHDI (8-B)

CHARUL AGRAWAL (12-G)

GARIMA SINGH (9-H)

HIMANSHU YADAV (10-H)

RITU SRIVASTAVA (12-E)

RISHIJA PANDEY (12-E)

SHREYA MAURYA (11-K)

ANSHITA (11-E)

DIVYANSHI YADAV (11-J)

SATYAM KUMAR (10-E)

RASHMI MISHRA (10-F)

ARYAN MAURYA (10-D)

DHARMVEER (12-H)

ISHIKA JAISWAL (10-D)

DEEPTI RAJ (10-G)

School No. : 70086 Aff. No. 2130562

RADIANT CENTRAL CHILDREN ACADEMY

SR SEC SCHOOL AFFILIATED TO C.B.S.E. NEW DELHI

JALALPUR-AMBEDKAR NAGAR

Mob.: 9415716781, 9450489067

Email : radiantcollege@gmail.com
Website : www.radiantacademy.in